तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 07 अप्रैल 2026

12 आमापाली में अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन...

12 मिशन गांव चलो में कांग्रेस ने किया पंचायत ...




## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे खड़ी कार को इनोवा ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सड़क किनारे खड़ी एक कार को इनोवा कार ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वेंकटेश चंद्राकर पिता विनोद चंद्राकर ने बताया कि वह कार क्रमांक सीजी 04 एमएन 8888 से 05 अप्रैल को रात करीब 07.45 बजे बजे ग्राम खरोरा चाय दुकान गया था। उसने अपनी कार को रोड के किनारे खड़ी किया था। इसी दौरान महासमुंद की ओर से आ रही कार टोयोटा ईनोवा क्रमांक सीजी 04 डीसी 7861 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके वाहन को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे कार पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



### शादी के निमंत्रण को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** शादी के निमंत्रण को लेकर मारपीट के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गंगाधर यादव पिता बहादुर यादव (62 साल) निवासी ग्राम कोयलारीडीह 05 अप्रैल को गांव के नीलमणि पटेल के किराना दुकान गया था, इसी दौरान मोहर साय यादव, धोबीलाल यादव ने अपनी लड़की की शादी में घासीराम को क्यों निमंत्रण दिये हो कहते हुए गाली गलौज कर डंडे से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 60 हजार का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** परसकोल चौक पुलिया के पास बसना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 60 हजार रुपए का गांजा बरामद किया गया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम परसकोल चौक पुलिया के पास ग्राम परसकोल का राजेश साहू अवैध मादक पदार्थ गांजा रख कर बिक्री करने ग्राहक की तलाश रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.20 किलो गांजा कीमत 60000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# पहले हुआ खूनी संघर्ष फिर युवक की बेरहमी से कर दी गई हत्या

## घने जंगल में मिला मैकेनिक का शव, इधर, बागबाहरा चखना सेंटर में चाकूबाजी


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

युवक की बेरहमी से हत्या कर जंगल में लाश फेंक दी गई। सोमवार सुबह जिले के समीपस्थ ग्राम खट्टी के जंगल में गांव के कोटवार को जंगल के घने हिस्से में एक शव दिखाई दिया। तत्काल सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और जांच दल भी साथ पहुंचे। मृतक की पहचान खैराभांठा निवासी प्रकाश पटेल के रूप की गई है, जो पेशे से मैकेनिक था। खट्टी गांव के कक्ष क्रमांक 77 के पास से गुजरने के दौरान कोटवार ने सबसे पहले शव को देखा।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, मौत से पहले मृतक और आरोपियों के बीच काफी संघर्ष होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। शव पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, ऐसा माना जा रहा है कि उसे लाठी-डंडों या किसी भारी वस्तु से बुरी तरह पीटा गया था। घटनास्थल पर चारों तरफ खून के धब्बे और टूटी हुई चीजें बिखरी मिली हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी मौके पर बुलाया। टीम ने वहां से फिंगरप्रिंट, डीएनए नमूने और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं। पुलिस का मानना है कि इन साक्ष्यों के जरिए आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जिसके बाद परिजनों को मृतक का शव को सौंप दिया गया। स्थानीय पुलिस अफसरों की मानें तो मामले की हर संभव एंगल से जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल, इस हत्याकांड के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### भारी डर का माहौल

हत्याकांड के बाद से खट्टी के ग्रामीणों और आसपास के गांवों में भय व्याप्त है। खासकर महिलाओं और बच्चों में असुरक्षा की भावना देखी जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने अपने क्षेत्र में पहले कभी ऐसी हिंसक वारदात नहीं देखी थी। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस को इलाके में गश्त बढ़ानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।



### शराब दुकान के पास चाकूबाजी दो आरोपी हिरासत में

जिले के बागबाहरा में देशी शराब दुकान के पास स्थित एक चखना दुकान में चाकूबाजी की घटना हुई है। विवाद के दौरान तीन अज्ञात युवकों ने मोनेश यादव (21 वर्ष) और छगनू चक्रधारी पर चाकू से हमला कर दिया। मोनेस के पीठ और कमर पर चोटें आई हैं। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों, गणपत निषाद और आकाश निषाद निवासी फुलवारी पारा को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## कार्रवाई: फर्जी कस्टमर केयर नंबर डालकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे

# झारखंड के जामताड़ा और देवघर से 3 साइबर ठग गिरफ्तार, 14 राज्यों में फैलाया था जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऑनलाईन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जिला पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा और देवघर जिले से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गूगल पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर डालकर लोगों को अपना शिकार बनाते रहे हैं। इन आरोपियों के खिलाफ देश के 14 राज्यों में ठगी के कुल 36 मामले दर्ज हैं।



तहकीकात की शुरुआत 4 जनवरी को हुई, जब ग्राम बिजरापाली निवासी दिनेश कुमार ठाकुर ने तुमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी ने 'बीओओडीएमओ' कंपनी से कार के रिम ऑर्डर किए थे। ऑर्डर की जानकारी न मिलने पर उन्होंने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर निकालकर कॉल किया। फोन उठाने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया और सहायता के नाम पर प्रार्थी से हेल्पडेस्क एप नामक ऐप डाउनलोड करवाया। जैसे ही प्रार्थी ने ऐप इंस्टॉल किया, ठगों ने स्क्रीन मिररिंग के जरिए उसके मोबाइल का नियंत्रण ले लिया और खाते से 2,49,988 रुपये पार कर दिए।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल ने तकनीकी जांच शुरू की। डिजिटल सबूतों का पीछा करते हुए पुलिस की टीम झारखंड के देवघर जिले के ग्राम बेहरापहरी पहुंची। एक सप्ताह की कड़ी मेहनत और घेराबंदी के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा जिसमें मुफितयाज अंसारी (19 वर्ष), इरफान अंसारी (40 वर्ष), मोहम्मद मुख्तार अंसारी (60 वर्ष) शामिल हैं।

### जब्त संपत्ति और आपराधिक इतिहास

पुलिस ने आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 2.88 लाख रुपये है जिसमें 9 स्मार्टफोन (विवो, ओप्पो और आई-फोन), 1 लैपटॉप और वाई-फाई उपकरण, 2 सिम कार्ड शामिल है। जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित 14 राज्यों में सक्रिय था। इन्होंने अब तक लगभग 12.26 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी की है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# बगैर मान्यता प्राप्त स्कूल पर कार्रवाई नहीं, प्रार्थी ने एक और खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बगैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूल के संचालन पर जिले के शिक्षा विभाग के अफसरों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के परिणाम स्वरुप उठी एक नई मांग चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, जिले के पिथौरा ब्लॉक के बिजेमाल (सांकरा) निवासी विवेक साहू ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर एक और बगैर मान्यता प्राप्त स्कूल खोलने की इजाजत मांगी है।

### बिना मान्यता स्कूल आत्मानंद में परीक्षा

आवेदन में कहा गया है कि क्षेत्र में पहले से एके स्मार्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल बिना विधिवत मान्यता के संचालित है। जिस पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गंभीर पहलू यह है कि बगैर मान्यता प्राप्त




किए संचालित उक्त निजी स्कूल में अध्ययनरत आठवीं कक्षा के 02 छात्र बकायदा जिला शिक्षा अधिकारी के लिखित आदेश पर पिथौरा के आत्मानंद स्कूल में बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा देने की पुष्टि प्राचार्य तरुण पटेल ने की है।

### अवैध स्कूल पर चुप्पी, अब संरक्षण मांग रहा आवेदक

आवेदक विवेक साहू ने स्वयं को आर्थिक रूप से कमजोर बताते हुए परिवार के पालन-पोषण के लिए स्कूल खोलना आवश्यक बताया है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद से एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के ही जैसे संरक्षण देने की मांग भी की है।

# राकेश ने उमेश को और राजेश ने विनोद को हराया, परिवर्तन पैनल की बड़ी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (सीसीडीए) का बहुप्रतीक्षित चुनाव 5 अप्रैल को दुर्ग स्थित अग्रोहा धाम, महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट परिसर (बायपास रोड, टोल के पास) में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस चुनाव में परिवर्तन पैनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रमुख पदों पर जीत दर्ज कर संगठन में अपनी मजबूत पकड़ बनाई।



अध्यक्ष पद के लिए परिवर्तन पैनल से उम्मीदवार राकेश कुमार शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी उमेश सिरोड़िया को कड़े मुकाबले में पराजित किया। राकेश कुमार शर्मा को 353 वोट मिले, जबकि उमेश सिरोड़िया को 220 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार राकेश कुमार शर्मा ने 133 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर भी परिवर्तन पैनल का दबदबा देखने को मिला। राजेश कुमार शर्मा ने 292 वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी विनोद चंद्राकर को 183 मतों पर रोक दिया। इस तरह राजेश कुमार शर्मा ने 109 वोटों से शानदार जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद के लिए पवन पालीवाल ने 267 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंदी राधेश्याम अग्रवाल को 217 वोट मिले। पवन पालीवाल ने 50 वोटों के अंतर से विजय प्राप्त की। वहीं संगठन सचिव पद पर सुरेश कुमार शर्मा ने 258 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि देवव्रत गौतम को 229 मत मिले। इस मुकाबले में सुरेश कुमार शर्मा ने 29 वोटों से सफलता हासिल की। चुनाव में जिला दवा विक्रेता संघ महासमुंद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान अरशी अनवर सचिव जिला दवा विक्रेता संघ महासमुंद, मनोज मालू, संजय मालू, अज़ाज हसन नक़वी, कृति भूषण साहू, अविनाश साहू, राजेश पटेल, सुभाष पटेल, शम्मी सलूजा, शैलू अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण सोनी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रीतपाल सिंह बग्गा, राकेश कुमार सोनी, हेमंत कुमार राठी, इमरान अहमद, नगेंद्र भूषण नशीने, अंकित, जस्मित सिंह गुरुदत्ता, अरुण साहू सहित कई लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

### थाने से फरार हुआ बालिका के अपहरण का आरोपी

**महासमुंद।** बालिका के अपहरण का आरोपी शौचालय जाने के बहाने पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बलौदा थाने में जुर्म दर्ज कर संदेही की तलाश की जा रही है।

बलौदा पुलिस ने बताया कि ग्राम किसड़ी से लापता एक बालिका के अपहरण मामले के आरोपी लखन उर्फ भोला कुमार को ग्राम बरडीह से गिरफ्तार कर 05 अप्रैल को चिकित्सकीय जांच के लिए सीएचसी सरायपाली लाया गया। जहां डॉक्टर ने संदेही का मुलाहिजा किया। इसके बाद उसे वापस थाना बलौदा लाया गया। जहां संदेही शौचालय गया। जब वह 5-6 मिनट तक नहीं निकला, तब पुलिस ने उसे आवाज दी। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा को धक्का दिया गया, दरवाजा खुलने पर शौचालय के अंदर संदेही नहीं था और वह रोशन दान से बाहर निकलकर फरार हो चुका था। खोजबीन के बाद आरोपी के नहीं मिलने पर उसके खिलाफ धारा 262 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ओडिशा को सीधे जोड़ेगी सड़क, नरसिंगनाथ की दूरी होगी 25 किमी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बहुप्रतीक्षित मांग बिहाझर-गांजर-रेवा मार्ग के लिए राज्य शासन द्वारा 7415.29 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके पूर्व केनाल लिंकिंग रोड 3 किलोमीटर एवं साराडीह-बरोंडा रोड 5 किलोमीटर को स्वीकृति मिल चुकी है। बिहाझर-गांजर-रेवा मार्ग की कुल लंबाई 25.9 किलोमीटर होगी, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम एवं सुदृढ़ होगा।

### कम हो जाएगी दूरी

इस परियोजना में भू-अर्जन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु 1290.18 लाख रुपए तथा 76 नग पुल-पुलिया निर्माण के लिए 661.80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। यह मार्ग उड़ीसा राज्य से सीधा संपर्क स्थापित करेगा, जिससे अंतरराज्यीय आवागमन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल नरसिंगनाथ जाने वाले यात्रियों की दूरी लगभग 25 किलोमीटर कम हो जाएगी। मार्ग के निर्माण से लगभग 40 ग्रामों के निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा तथा व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर चंद्राकर ने बताया कि स्वीकृत योजना के तहत दो-लेन डामरीकृत सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क की चौड़ाई 7.00 मीटर होगी, जिसके दोनों ओर 1.50 मीटर चौड़ी पटरी का प्रावधान रहेगा। इसके साथ ही ग्राम क्षेत्रों में सीसी रोड एवं आरसीसी ड्रेन निर्माण भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी।

### जिले में आज मनाया जाएगा चावल उत्सव

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा 07 अप्रैल को जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों को अनिवार्य रूप से खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिन सभी दुकानों में उत्सव के रूप में खाद्यान्न वितरण किया जाएगा, जिससे हितग्राहियों को समय पर एवं सुगम रूप से राशन प्राप्त हो सके। कलेक्टर लंगेह ने चावल उत्सव के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित दुकानों के लिए संबंधित वार्ड मोहर्रिरों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। चावल उत्सव के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, राशन कार्डधारी हितग्राही, निगरानी समिति के सदस्य, नोडल अधिकारी, मितानिन, स्वैच्छिक संगठनों के सदस्य सहित राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## कचरा घर में तब्दील हुए जलस्रोत, डस्टबीन बन रहे कुएं

# देखरेख का अभाव, अस्तित्व खो रहे सार्वजनिक कुएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्राचीन प्रतीक रहे कुएं आज अपनी बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। किसी समय में जो कुएं पूरे समाज की प्यास बुझाते थे, वे आज प्रशासन की उदासीनता और जन-जागरूकता की कमी के कारण कचरा फेंकने के स्थान (डस्टबिन) बनकर रह गए हैं। आधुनिकता की दौड़ में पाइपलाइन और हैंडपंप आने के बाद इन पारंपरिक जलस्रोतों को भुला दिया गया है, जिसका सीधा असर अब गिरते भूजल स्तर और गर्मी में होने वाली पानी की किल्लत के रूप में सामने आ रहा है।



नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों ऐसे कुएं हैं, जो बारह महीने पानी से लबालब रहा करते थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि देखरेख और नियमित सफाई न होने के कारण इन कुओं में मोहल्ले का कचरा जमा हो गया है। कुछ स्थानों पर तो कुओं को पूरी तरह से पाटकर उनका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया है। हालांकि, कुछ गिने-चुने कुंओं को लोहे की जाली लगाकर सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है, लेकिन अधिकांश जलस्रोत उपेक्षा का शिकार हैं। लगभग 30-35 वर्ष पहले तक कुएं ही पेयजल और निस्तारी के मुख्य साधन हुआ करते थे। जैसे-जैसे घर-घर नल कनेक्शन और हैंडपंप लगे, लोगों ने कुओं की ओर ध्यान देना बंद कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि गर्मी के मौसम में जब बिजली गुल होती है या जल प्रदाय बाधित होता है, तो नगर में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है। यदि ये कुएं उपयोग में रहते तो आपात स्थिति में जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

### पुनरुद्धार से बढ़ेगा भूजल स्तर

नगर के नागरिक रमेश शर्मा और दीपक धनकर का मानना है कि यदि प्रशासन और नगर पालिका योजनाबद्ध तरीके से इन कुंओं की सफाई कराए, तो यह जल प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। कुओं की सफाई होने से न केवल पेयजल उपलब्ध होगा, बल्कि ये रिवर रिचार्जिंग का काम भी करेंगे, जिससे आसपास के हैंडपंपों का जलस्तर भी बढ़ेगा।

### प्रशासन की सुस्ती बढ़ा रही मुश्किल

वर्तमान में प्रशासन की सुस्ती और उदासीनता के कारण ये ऐतिहासिक धरोहरें समाप्त हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका एवं प्रशासन को विशेष अभियान चलाकर इन कुओं से कचरा निकालना चाहिए और इन्हें दोबारा उपयोग के लायक बनाना चाहिए। यदि समय रहते इन जलस्त्रोतों को नहीं बचाया गया, तो भविष्य में जिले को भीषण जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है।

# राजस्व पखवाड़ा, 181 ग्रामों में लगे शिविर

## कुल 1220 आवेदन प्राप्त, 999 का मौके पर निराकरण

**महासमुंद।** जिले में आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में यह अभियान 01 अप्रैल से 6 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के कुल 181 ग्रामों में शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविरों में कुल 1220 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 999 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। त्वरित निराकरण से ग्रामीणों में संतोष एवं विश्वास का माहौल देखा गया। शिविरों में मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों का निराकरण किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर समस्याओं का समाधान किया गया। शेष 221 आवेदन लंबित हैं।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी लंबित मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व अमले को निर्देश दिए कि वे आमजन से संवेदनशीलता के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें तथा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं तत्परता बनाए रखें।

## खबर संक्षेप



### अधिक यूरिया खपत हथखोज में कृषक के घर भौतिक सत्यापन

**महासमुंद।** भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय एवं कृषि उत्पादन आयुक्त के निर्देशानुसार अधिक यूरिया खपत की शिकायतों के सत्यापन के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम हथखोज, जिला गरियाबंद के कृषक बालमुकुंद निषाद के यहां भौतिक सत्यापन किया गया। उपसंचालक कृषि महासमुंद एफआर कश्यप द्वारा मौके पर पहुंचकर कृषक द्वारा खरीदे गए उर्वरकों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि कृषक के पास कुल 3.5 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने सहकारी समिति पोखरा से 5 बोरी यूरिया एवं 5 बोरी डीएपी खरीदा था। साथ ही ओंकार कृषि केंद्र बम्हनी से 2 बोरी यूरिया भी क्रय किया गया था। सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि कृषक द्वारा खरीदे गए समस्त यूरिया एवं डीएपी उर्वरक का उपयोग अपनी खेती में कर लिया गया है तथा उनके पास आगामी खरीफ सीजन के लिए कोई भी यूरिया शेष नहीं है। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी गणेश्वरी बंजारे एवं उर्वरक निरीक्षक उमेश चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

### जनगणना 2027 सर्वे प्रपत्र में पिछड़ा वर्ग की कॉलम जोड़ने की मांग

**महासमुंद।** जनगणना 2027 सर्वे प्रपत्र में पिछड़ा वर्ग कॉलम जोड़ने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग महासमुंद ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत के रजिस्ट्रार के कार्यालय के अधिसूचना में उल्लेख स्थानीय क्षेत्र की सीमाओं के भीतर में भारत की जनगणना 2027 के संबंध में मकान की सूचीकरण तथा मकानों की गणना अनुसूचियों के माध्यम से जानकारी एकत्र करने के लिए नीचे प्रगणित मदों के संबंध में सभी व्यक्तियों से पूछे जाने वाली प्रश्नों 33 बिंदुओं की सरल संख्या 12 में सिर्फ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का उल्लेख है। परंतु, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए इसमें कहीं भी प्रावधान नहीं की गई है। जबकि, विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार देश में जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग करते रहे हैं। जिसके कारण देश के ओबीसी वर्ग से आने वाले नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की गई है। इसके बावजूद प्रारम्भिक सर्वे में पिछड़ा वर्ग को शामिल नहीं करना सचिव स्तर के अधिकारियों की लापरवाही या फिर जानबूझकर पिछड़ा वर्ग के साथ भेद-भाव को इंगित करतीं है। जिससे पिछड़ा वर्ग समाज में काफी नाराजगी व आक्रोश है। चूंकि, प्रारम्भिक जनगणना सर्वे में ही पिछड़ा वर्ग की पृथक जानकारी एकत्रित नहीं की जाएगी तो भविष्य में भी संशय रहेगी। देश के सबसे बड़ी आबादी वाले समाज की वास्तविक आंकड़े प्राप्त नहीं हो पाएगी। गरीबी, शिक्षा रोजगार व आरक्षण पर वास्तविक निर्णय लेने में भी अड़चनें होगी।

**आयोजन: जिला कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस समारोह हुआ**

# राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य कर रही भाजपा: ऐतराम






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस समारोह भाजपा जिला कार्यालय में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, जो राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि की भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाते हुए आगामी चुनावों के लिए अभी से सक्रिय हो जाएं।

छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की नींव सेवा, समर्पण और सुशासन पर आधारित है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण ही पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है और आने वाले समय में भी भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगी। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित संगठन है, जिसने देश के विकास और गरीबों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। राज्य आयुक्त स्काउट गाइड इंद्रजीत गोल्डी ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भाजपा युवाओं को नेतृत्व का अवसर देने वाली पार्टी है, जो उन्हें समाज सेवा और देशहित के कार्यों से जोड़ती है।

पूर्व विधायक विमल चोपड़ा ने कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास पर आधारित है। कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है और जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। पूर्व विधायक रामलाल चौहान ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर हम हर चुनौती का सामना करते हुए विजय प्राप्त करेंगे। जनसंघी माधव टांकसाले ने कहा कि भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का सफर त्याग, तपस्या और समर्पण की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। हमें अपने पूर्वजों के आदर्शों पर चलते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।

मोती साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं। हमें निरंतर जनहित के कार्यों में सक्रिय रहकर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत करना है। राकेश चंद्राकर ने कहा कि संगठन की सफलता का आधार कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता है। हमें मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास करना होगा। प्रीतम दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण में निहित है। हमें भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री थान सिंह दीवान ने कुशलतापूर्वक किया। वहीं आभार प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, आमंत्रित सदस्य, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव एवं आनंद साहू ने दी है।

## गीता के संदेशों को जीवन में आत्मसात करने वाले को मिलती है भगवान की शरणागति : मिथिलेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय महामाया मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का विश्राम दिवस पर प्रवचनकर्ता पं. मिथिलेश कुमार तिवारी डूमरपाली ने दिनकर राव अंबिलकर, गीता अंबिलकर परिवार, विशेष सहयोग अमरनाथ गायत्री साहू, एवन अंजलि साहू, जानू सेवती साहू व उपस्थितजनों को हवन पूजन कराया।

उन्होंने इसके पूर्व गीता ज्ञान का संदेश देते हुए उपस्थितजनों से कहा कि गीता के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें और गीता के अनुसार अपने जीवन चरित्र निर्माण करें तो भक्तों को भगवान की शरणागति प्राप्त होती है। व्यास पीठ से उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने अर्जुन के मन में उठे विकारों को गीता ज्ञान से दूर किया। भगवान कृष्ण ने कहा कि मैं क्या करूं और क्या नहीं करूं इस दुविधा का कारण सांसारिक मोह है, इस मोह में फंसकर मनुष्य कर्तव्य से विमुख हो जाता है। शरीर नाशवान है और इसे जानने वाला शरीरी अविनाशी आत्मा है। गीता ने मनुष्य को सदैव निष्काम भाव से कार्य करने का संदेश दिया है। जो व्यक्ति केवल दूसरों के हित के लिए अपने कर्तव्य का तत्परता से पालन करता है उसका मात्र कर्तव्य पालन से कल्याण हो जाता है। व्यास पीठ से महराज ने कहा कि मनुष्य को अनुकूल, प्रतिकूल परिस्थितियों के आने पर सुखी दुखी नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे सुखी दुखी होने वाला मनुष्य संसार से ऊंचा उठकर परम आनंद का अनुभव नहीं कर सकता। किसी भी साधन से अंतःकरण में समता आनी चाहिए, समता आए बिना मनुष्य सर्वथा निर्विकार नहीं हो सकता। सब कुछ भगवान ही है ऐसा स्वीकार कर लेना सर्वश्रेष्ठ साधन है। इसलिए जो भी कर्म करो उसे भगवान को निर्विकार भाव से निष्काम भाव से अर्पण करने वाला स्वतः मेरी शरण में चला आता है।

## दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए दिनेश, सचिव बने प्रकाश





**नर्रा।** मरार पटेल समाज कुसमी राज की बैठक ग्राम कुसमी के सामाजिक भवन में समाज के उत्थान के लिए नई कार्यकारणी का विस्तार किया गया। सर्वप्रथम आराध्य देवी मां शांकभरी देवी की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद समाजिक एकता और विकास के संकल्प के साथ अनुभवी और ऊर्जावान चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौपी गई है। जिसमें पुनः दिनेश कुमार पटेल को राज अध्यक्ष और प्रकाश पटेल ग्राम खाड़ादरहा को सचिव बनाया गया। इसी प्रकार डूमर लाल पटेल कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश पटेल उपाध्यक्ष चुने गए । पंच लिखन पटेल, लोचन पटेल, द्वारका पटेल, तिलक पटेल, सेवक पटेल, तिलक पटेल बैगाखम्हरिया, श्यामलाल पटेल, गैंदराम पटेल, देवरी दशरथ पटेल, चिंगारियां रमेश पटेल, घनाराम पटेल, मुंनगाशेर ब्रह्मदत्त पटेल, सिमगांव अर्जुन पटेल, ब्रम्हाणसरा राखी राम पटेल, खुर्शीपार कांतूराम पटेल, खड़ादरहा जयराम पटेल, टीकम पटेल, लिलेश्वर पटेल, ओमप्रकाश पटेल, रवि पटेल चुने गए।

## किड्स एजुकेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना





किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम बंसुला में 6 अप्रैल सोमवार को वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम घोषित कर पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था प्रमुख आरके दास ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है।

उपप्राचार्य नंदिनी प्रधान ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने कक्षावार परिणामों की घोषणा की और विद्यार्थियों के केवल अकादमिक ही नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। साथ ही इस वर्ष 7 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। कक्षा नर्सरी से गुंजन बेहरा, काव्य नाग, पूर्विका मरकाम, हर्षिता यादव, अदिति साव, अनन्य सोनी, क्लास एल के जी. दिशा भोई, देवेश भोई, हर्ष पटेल, दुर्गेश जगत, लीना सागर, त्रिवेणी पटेल, क्लास यूकेजी यश प्रधान, ख्याति पटेल, दिगेश पटेल, सयाना साव, करुणा कुलदीप, विमल साव, तृप्ति सागर, कक्षा पहली से पुस्कर भोई, अंजू पटेल, हीना भोई, पिंकू सिंग चौहान, हर्ष पटेल, दृष्टि साव, जितेश गुरु, वंशिका महान, काव्य पटेल, आदित्य साव, कक्षा दूसरी से तुषांत भोई, अनुष्का पटेल, तम्माना भोई, गरिमा पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, गुंजन खम्हारी, आर्यन खम्हारी, नव्या पटेल, मनीष पटेल, अनिता पटेल, कक्षा तीसरी से रूही कश्यप, अंजलि ध्रुव, विद्या दास, आस्था चौहान, रितिक सिंह चौहान, दक्ष रात्रे, काव्य चौधरी, आराध्या प्रधान, कक्षा चौथी से आयत अंसारी, वर्षा दीवान, अमन साव, सोफिया परवीन, कक्षा छठवीं मेघा साव, खुशी दास, झरना गुरु उच्च स्थान प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का उच्च प्रदर्शन किया।

प्राचार्य भगवती जगत ने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए उपस्थित पालकगण न शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस पालक भगवती जगत, नंदिनी प्रधान, उषा बीसी, हसीना बेगम, आरती नाग, सबनम जौहरी, वसुधा साव अभिभावकों में से विजय दास, बसंत बेहरा, राकेश बेहरा, नारायण नाग, छबिलाल कश्यप, खेमराज पटेल, मल्लिकाव भोई, गोपी भोई, नूतन साव, शुभलया बेहरा, अन्नू धुव आदि पालकगण उपस्थित रहे।

## नपा उपाध्यक्ष ने किया सीसी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गांधी चौक में निर्माणाधीन सीसी नाली का निरीक्षण नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद पीयूष साहू ने किया। नाली निर्माण में कई प्रकार की खामियां है। पहले नाली डेढ़ फीट चौड़ी थी। जबकि, अभी 3 फीट चौड़ी नाली बनाई गई। इतनी चौड़ी नाली की जरूरत नहीं थी। नाली की हाईट रोड से लगभग डेढ़ फीट बढ़ा दिया गया, जिसके कारण बारिश में रोड तालाब जैसा भर जाएगा। रोड के पानी निकासी के लिए होल पाइप नहीं दिया गया है। वही नाली के अंदर मलबा पड़ा है, जिससे नाली बनाने का औचित्य खत्म हो जाएगा। मलबा जब तक नहीं निकलेगा नाली में पानी का बहाव नहीं होगा। वहीं क्यूरिंग का अभाव है। किशोर चोपड़ा के निवास में उनका गेट बाहर खुलने का ही बंद हो गया है। उनके मकान के गेट से डेढ़ फीट ऊंची नाली बन गई है। नाली हाइट होने के कारण दुकानदार मजबूरी में सड़क पर सीढ़ियां बनाएंगे, जिससे सड़क भी छोटी हो जाएगी। जबकि, यह शहर का व्यस्तम मार्ग है। ज्वेलर्स की दुकानें है इस कारण हमेशा आवागमन रहता है। आसपास के लोग नाली निर्माण से परेशान हो गये है। ठेकेदार को चाहिए कि नाली को दिन में निर्माण करें। लेकिन ठेकेदार आधीरात को निर्माण चालू करता है जो समझ से परे हैं। गांधी चौक के बीच रोड को रात में डिस्मेंटल करना था, लेकिन लोगों को 2-3 दिन तक परेशान करने के लिए दिन में तोड़ा गया। नपा के सीएमओ, इंजीनियर निरीक्षण की फुर्सत नहीं है। जबकि कई बार शिकायत हो चुकी है। ऐसा लगता है कि पालिका के ही लोग ठेकेदार बने बैठे है। अगर ऐसा ही हाल रहेगा तो गुणवत्ता को देखने वाला कौन रहेगा। उसके अलावा यह नाली महामाया मंदिर के पास से निर्माण किया गया है, जिसमें निर्माण भी अधूरा है। इस नाली निर्माण से नपा पर रोड बनाने का बोझ बढ़ गया है। रोड की हाइट डेढ़ फीट बढ़ाने के लिए लाखों रुपए की जरूरत पड़ेगी। इस निर्माण की उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता है।

## अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन में शामिल हुईं विधायक चातुरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

इंदिरा कालोनी भंवरपुर में बीते दिनों भक्तिमय वातावरण में दो दिवसीय अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के इस कार्यक्रम में संकीर्तन नाम उच्चारण का 03 अप्रैल 2026 शुक्रवार की मध्यान्ह शुभारंभ किया गया, जिसका पूर्णाहुति, महाप्रसाद के साथ हुआ। इस दो दिवसीय अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन के बैठकी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल होकर भगवान राधा माधव की विधि वत पूजन कर आयोजकों, ग्राम व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जहां भी अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन का आयोजन होता है वह स्थल व ग्राम पवित्र एवं पावन हो जाता है, जो बंधु व ग्रामवासी इस परम दुर्लभ संकीर्तन यज्ञ का आयोजन करते हैं, उनके जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। इस कलियुग में हर व्यक्ति को भगवान की भक्ति मिले यह संभव नहीं है। भगवान की भक्ति भी भाग्य वालों को नसीब होता है, आप सभी बड़ भागी हैं कि भगवत कृपा से इंदिरा नगर के साथ संपूर्ण भंवरपुर क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से पावन हो गया है। इस आयोजन में पंडित श्रीपति त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोपचार से सफल करवाया। इस आयोजन में गाहक बाहक दल राधे राधे पुरुष संकीर्तन मंडली जटाकन्हार, जय जगन्नाथ कीर्तन मंडली रीखादादर, राधारानी महिला संकीर्तन मंडली सलिहारी (रायगढ़), रुद्रेश्वरी महिला संकीर्तन मंडली लक्ष्मीपुर एवं जय दुर्गा महिला संकीर्तन मंडली सौरापारा भंवरपुर ने अखंड संकीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समिति प्रमुख दोजकुमार देवांगन की अगुवाई में दो दिन भण्डारे का भी आयोजन रखा गया था। समिति के सदस्यगण शुभम देवांगन, उदयराम चौहान, पुरुषोत्तम दीवान, परदेशी देवांगन, रोहित देवांगन, जितेंद्र (बबलू), पटेल, मुंडू निषाद, जालू पटेल, रघु चौहान, घुराउ पटेल, नवीन चौहान, कन्हैया निषाद, मंजू डड़सेना, विक्की पटेल आदि का सहयोग रहा।

## श्रीमद भागवत कथा में रूखमणि मंगल विवाह का किया वर्णन

**श्रीमद् के पांचवे व छठवें दिन छप्पन भोग, कृष्ण सुदामा चरित्र, रूखमणि मंगल विवाह, परीक्षित मोक्ष का सुनाया प्रसंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



ग्राम अछरीडीह में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन भाव भक्ति से बाजार चौक में किया जा रहा है। महोत्सव के पांचवे व छठवें दिन कथाव्यास पंडित लोकेश महाराज ने छप्पन भोग, कृष्ण सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण परम धर्म, परीक्षित मोक्ष, रूखमणि मंगल विवाह परंपरा रस्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। महाराज ने अपने प्रसंग पर बताया कि जब-जब संसार में पाप बढेगा तब-तब कृष्ण के रूप में भगवान प्रकट होकर इस संसार का उद्दार करेगे। भगवान कृष्ण की हर लीला में एक गूढ़ संदेश निहित है।

उन्होंने गोवर्धन पर्वत, छप्पन भोग, कृष्ण सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण परम धर्म, परीक्षित मोक्ष, रुखमणी मंगल विवाह जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये घटनाएं हमें सिखाती हैं कि जब तक मनुष्य अपने भीतर के अहंकार और नकारात्मकता का नाश नहीं करता, तब तक वह ईश्वर के सच्चे स्वरूप को नहीं जान सकता। महाराज ने बताया कि इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाया था तब उन्हें लगातार सात दिन भूखा रहना पड़ा था। इसके बाद उन्हें सात दिनों और आठ पहर के हिसाब से 56 व्यंजन खिलाए गए थे। माना जाता है तभी से ये 56 भोग परंपरा की शुरुआत हुई। मित्रता कैसी निभाई जाए कृष्णा और सुदामा के चरित्र से सीखें। सुदामा द्वारिका महल तक पहुंच गए,तो द्वार पलो ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझ कर रोक दिया। वहां द्वारपालो ने सुदामा और कृष्ण की मित्रता का उपहास उड़ाने लगा। द्वारपाल ने सुदामा के संदेश पहुंचाने पर कृष्ण नंगे पांव दौरे चले आए और सुदामा को गले से लगाएं। सुदामा को अपने महल में ले गए और उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हुए।

भगवान श्रीकृष्ण-रुखमणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुखमणि के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि जो कृष्ण-रुखमणि विवाह की परंपरा निभाते है, उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। कृष्ण-रूखमणि विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती उतारी और पुष्प वर्षा की।इस मौके पर आयोजक की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रूखमणि विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। भागवत कथा के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। शुकदेव ने राजा को सात दिन तक भागवत कथा सुनाई। इस कथा श्रवण से राजा का मृत्यु भय समाप्त हो गया। भागवत कथा के प्रभाव से राजा को परम धाम की प्राप्ति हुई। इस प्रसंग में श्रद्धालुओं ने हरे राम हरे कृष्ण और गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो जैसे भजनों पर झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया।

### जनपद उपाध्यक्ष ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का दिया संदेश

**महासमुंद।** जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चंद्राकर विशेष रूप से ग्राम बेलसोंडा, अछराडीही, खरोरा, सोरिद और नांदगांव में आयोजित रामायण कार्यक्रमों में सम्मिलित हुईं, जहां उन्होंने प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डाला और कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों की जीवंत पाठशाला है, जिसके आदर्शों को प्रत्येक नागरिक को अपने चरित्र में चरितार्थ करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान राम का त्याग, धैर्य और सत्य के प्रति अडिग रहने का संकल्प हमें समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा देता है; यदि हम उनके बताए मार्ग पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, तो एक श्रेष्ठ और मर्यादित राष्ट्र का निर्माण संभव है। इन सभी गांवों में मानस मंडलियों की मधुर चौपाइयों और भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए हुलसी ने आयोजन समितियों के प्रयासों को सराहा और स्थानीय ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी कुशलक्षेम जानी। बेलसोंडा से लेकर नांदगांव, सोरिद तक आयोजित इन कार्यक्रमों में चंद्राकर का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया, जहां भक्ति की अविरल धारा के बीच हजारों की संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## खबर संक्षेप

### पुराने के बदले नया सामान देने के नाम पर हजारों की ठगी

**दंतेवाड़ा।** जिला दन्तेवाड़ा के थाना फरसपाल पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को प्रार्थी ने थाना फरसपाल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम 7 बजे पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान, गैस चूल्हा, होम थियेटर के बदले नया सामान दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों ने नकदी 5000 रुपये तथा एक सोने का आभूषण ठगी कर ले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना फरसपाल में अपराध क्रमांक 4/26 धारा 318(4), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गयी। साइबर सेल दंतेवाड़ा के द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी का लोकेशन प्राप्त कर फरसपाल पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक जोड़ी कान का झुमका 6 ग्राम सोना, घटना में प्रयुक्त एक्टिवा, मोबाइल तथा ठगी मे उपयोग किये जा रहे दस्तावेज को जप्त किया है।

### सवारी से भरी ट्राली पलटी, 10 से अधिक घायल 3 की हालत गंभीर

**दरभा।** ब्लाक मुख्यालय दरभा में सोमवार को एलेंगनार से छिंदावाड़ा मेला में जा रही ट्रेक्टर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में छिंदावाड़ा चौक में पलट गई। इस हादसे में कई महिला और पुरुष घायल हो गए। एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार सुनील धुर्व एवं ग्रामीणों और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर ट्राली में एलेंगनार गांव के पुरुष, महिला एवं बच्चे सहित 55 लोग छिंदावाडा मेला देखने जा रहें थे । चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रॉली में सवार लोग नीचे दब गए जिनमें 3 की हालात गंभीर हैं । उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भेजा गया। घायलों में महिलाएं और बच्चों की संख्या अधिक है। घटना की सूचना मिलते ही दरभा थाना से पुलिस जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला और तुरंत एंबुलेंस व निजी वाहनों के जरिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा पहुंचाया।

**शिक्षा : पांच दिवसीय सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन**

# एससीईआरटी में शिक्षा का नया अध्याय नवीन पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कक्षा सातवीं के नवीन पाठ्य पुस्तक विज्ञान जिज्ञासा पर आधारित पांच दिवसीय सेवाकालीन आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़ रायपुर में किया गया। इस प्रशिक्षण में महासमुंद जिले से चार शिक्षक डाइट महासमुंद से व्याख्याता दुर्गा सिन्हा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल से प्रेमचंद साव, सेजेस महासमुंद से भारती सोनी एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिरदा से शिक्षक राधेश्याम साहू ने कक्षा सातवीं के जिज्ञासा विषय के लिए जिला स्रोत व्यक्ति डीआरजी के रूप में प्रशिक्षित हुए। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी संचालक ऋतुराज रघुवंशी, एससीईआरटी रायपुर के संयुक्त संचालक के कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार उपसंचालक जेपी रथ, प्रशिक्षण समन्वयक पुष्पा चंद्रा, विशेष प्रशिक्षण समन्वयक केके शुक्ला, राज्य स्रोत व्यक्ति एसआरजी अखिलेश मिश्र, डॉ.एस चंद्राकर, गार्गी चौधरी, इंदु सोनकर, प्रतिभा त्रिपाठी, कविता, हुमा नाज, संगीता रनघाटी, टीसी जायसवाल जायसवाल, रामकुमार वर्मा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए चयनित विज्ञान शिक्षकों को डीआरजी के रूप में एनईपी 2020 के तहत रोचकपूर्ण गतिविधि, क्रियाकलाप व प्रयोग आधारित नवाचारी गतिविधियों व अन्य तरीकों से अध्यापन के लिए प्रशिक्षित किया गया।

### रोचक तरीके से दो विज्ञान शिक्षण की जानकारी

राज्य स्रोत व्यक्तियों एसआरजी अखिलेश



मिश्र, डॉ. एस चंद्राकर, गार्गी चौधरी, इंदू सोनकर ने विद्यालयों में शिक्षण अधिगम के नए ढांचे, तार्किक चिंतन, सृजनात्मकता, संवाद कौशल, रटने की प्रक्रिया को समाप्त करने, बच्चों को प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य, रोल प्ले, करके सीखना, जीवन व पर्यावरण से जुड़े उदाहरण के माध्यम से सीखाने के लिए जोर दिया गया। सभी एसआरजी द्वारा विज्ञान को रोचक बनाने हेतु ब्लूम टैक्सोनॉमी व उनके 6 स्तरों, सीखने का प्रतिफल के आधार पर विज्ञान को रोचक बनाने हेतु कहानी, विज्ञान नाटिका, कविता, रोल प्ले, घरेलू वस्तुओं से प्रयोग, शैक्षणिक भ्रमण, प्रोजेक्ट, मॉडल निर्माण व समूह प्रस्तुतीकरण जैसे अनेक अनुभव आधारित तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड,आकलन व मूल्यांकन के सिद्धांत, न्यूनतम अधिगम स्तर, उपचारात्मक शिक्षा, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, पंचमहाकोश की अवधारणा से प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। कृति कला शिक्षण के अंतर्गत एसआरजी प्रतिभा त्रिपाठी, संगीता रनघाटी ने संगीत, नृत्यकला, नाटक, कविता पाठ, लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, भारतीय परंपरा का कथावाचन, मूकअभिनय, भारतनाट्यम, कुचिपुड़ी, दृश्य कला, रंगमंच के लक्ष्य एवं दक्षताएं, शिल्पकला, काष्ठ कला, भारतीय ज्ञान परंपरा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

### महासमुंद के शिक्षकों ने किशोरावस्था विषय पर रोल प्ले किए

डीआरजी के रूप में महासमुंद से प्रशिक्षणार्थी दुर्गा सिन्हा, भारती सोनी, प्रेमचंद साव, राधेश्याम साहू द्वारा विज्ञान विषय को रोचक बनाने हेतु किशोरावस्था-वृद्धि एवं परिवर्तन की अवस्था पर ब्लूम टैक्सनॉमी, सीखने के प्रतिफल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर रोल प्ले किया गया, जो काफी रोचक व प्रेरणादायी रहा। एसआरजी टीसी जायसवाल द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही इन पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रकाश का सीधी रेखा में चलना, एक समान सरल रेखीय गति, ध्वनि उत्पन्न होना, अम्लीय क्षारीय पदार्थ की पहचान करना, पत्तियों की विशेषताएं, धातु अधातु की पहचान करना, अष्टांग योग, पंचमहाकोश, योग के महत्व, विद्यार्थी के मानसिक स्वास्थ्य, संरक्षण, संवर्धन तथा समग्र कल्याण, भावना प्रबंधन, आईसीटी का उपयोग, रूब्रिक्स का निर्माण करके पढ़ाई कराना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जान पाए। विषय आधारित प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।इस डीआरजी प्रशिक्षण के पश्चात सभी डीआरजी अपने-अपने जिलों में बीआरजी को प्रशिक्षित करेंगे।

### प्रशिक्षण में 19 डाइट से कुल 76 शिक्षकों ने भाग लिया

इस प्रशिक्षण में पूरे राज्य से विज्ञान विषय पर 19 डाइट महासमुंद, रायपुर, कोरबा, धमतरी, दुर्ग, धरमजयगढ़, बेमेतरा, खैरागढ़, कबीरधाम, पेंड्रा, जांजगीर-चांपा, जशपुर, अंबिकापुर, नगरी, कांकेर, बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोरिया, बीजापुर से 76 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### पिथौरा में गुमास्ता पंजीयन के लिए शिविर 10 को

**महासमुंद।** पिथौरा नगर के छोटे-बड़े व्यापारियों को गुमास्ता पंजीयन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 10 अप्रैल 2026 को नगर पंचायत परिसर पिथौरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह पहल वार्ड क्रमांक 11 पिथौरा निवासी मनमीत सिंह छाबड़ा द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर की गई है। उन्होंने अपने आवेदन में नगर के व्यापारियों को गुमास्ता बनवाने में हो रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया था। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की गई और नगर पंचायत परिसर में शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक व्यापारी इसका लाभ उठा सकें। अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) सरायपाली विवेक पटेल ने बताया कि शिविर के सफल संचालन के लिए नगर पंचायत को सभी वार्डों में मुनादी कराकर व्यापारियों को निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने प्रतिष्ठान का गुमास्ता पंजीयन अवश्य कराएं, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी परेशानी से बचा जा सके। शिविर में पंजीयन कराने के लिए व्यापारियों को आधार कार्ड, जीएसटी अथवा उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, कंपनी का रजिस्ट्रेशन (यदि लागू हो), किरायानामा या पार्टनरशिप डीड तथा मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा।

### तिलहन की खेती से गौतम समृद्धि की ओर

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड सरायपाली अंतर्गत ग्राम सिरशोभा के प्रगतिशील किसान गौतम पटेल ने पारंपरिक खेती की सीमाओं को समझते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर तिलहन फसल सूरजमुखी की खेती अपनाकर समृद्धि की ओर है। कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गौतम पटेल बताते है कि पूर्व में वे अपने खेत में धान की खेती करते थे, जिसमें अधिक पानी और लागत की आवश्यकता होती थी। बीते वर्ष पानी की कमी के कारण उनकी धान की फसल खराब हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस अनुभव ने उन्हें वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग के मार्गदर्शन और सहयोग से पटेल ने इस वर्ष 0.60 हेक्टेयर (लगभग 1.5 एकड़) क्षेत्र में सूरजमुखी की खेती की शुरुआत की। सूरजमुखी फसल की विशेषता यह है कि इसमें कम पानी की आवश्यकता होती है और लागत भी अपेक्षाकृत कम आती है, जिससे किसानों के लिए यह एक लाभकारी विकल्प बनकर उभर रही है। वर्तमान में सूरजमुखी फसल की स्थिति संतोषजनक है और प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल उत्पादन का अनुमान है। इस प्रकार कुल क्षेत्र से लगभग 12 से 15 क्विंटल उत्पादन होने की संभावना है। बाजार में सूरजमुखी का मूल्य 4,500 से 5,500 प्रति क्विंटल होने के कारण कुल आय 54,000 से 82,500 तक अनुमानित है। इस तरह वे शुद्ध आय 40 से 65 हजार रुपए तक अर्जित कर पाएंगे। कृषि विभाग द्वारा पटेल को उन्नत बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग निरंतर प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे इस नवीन खेती पद्धति को सफलतापूर्वक अपनाने में सक्षम हुए हैं।

### 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए भूमि का चयन

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (रग्बी फुटबॉल अंडर 14वर्ष) का आयोजन 8 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक भुमनेश्वर (कटक) में आयोजित किया गया है। जिसमें पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शाउमावि तुमगांव से कक्षा 7वीं की छात्रा ग्राम लहंगर मोहकम



निवासी भूमि यादव पिता पोषणलाल यादव का चयन हुआ है। चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग मनोज घृत लहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, समग्र शिक्षा बीएमसी रेखराज शर्मा, पीएमश्री सजेस तुमगांव प्राचार्य देवेंद्र अगलावे, वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरील, आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव जेंड्रे, सिद्धांत गायगौरे, खेल प्रशिक्षक डॉ. सुनील भोई, कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता, हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्टाफ में अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, हेमलता साहू, अंकिता ठाकरे, पवन डड़सेना, ज्योति सिंह, सविता ध्रुव, देवेश साहू, रोहित साहू, गीतिका कौशिक, कुसुम कुजूर, मधुरिमा शर्मा, सुरेश यादव सागर झा, सत्यम पांडे, भारती भार्गव, रेणुका लकरा, प्रियंका बारिहा, बरखा शर्मा, लोकेश साहू, तरुण सिन्हा, सोनाली साहू, सजल चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू, रेणुका साहू, प्रगति साहू, मोनिका यादव, नलिनी ध्रुव, लीली मजखंड चेतना फेकर आदि ने हर्ष जताया है।




### कवि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय एकता के पक्षधरः चंद्राकर

**महासमुंद।** आस्था साहित्य समिति द्वारा पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् केआर चंद्राकर ने उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी के रचनाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय एकता के पक्षधर हैं, उनकी प्रमुख काव्य रचना पुष्प की अभिलाषा इसका प्रमाण है। मुख्य आतिथ्य के आसंदी से डॉ संजीव कर्माकर ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीयता के साथ साथ मानवीय मूल्यों को भारतीय आत्मा के रुप में प्रतिष्ठापित करने में निरंतर लेखनी चलायी यही वजह है कि उन्हें पदमभूषण एवं साहित्य अकादमी जैसे सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर शिक्षा प्रकोष्ठ (भाजपा) के एमआर विश्वनाथन एवं निशांत शर्मा ने कहा कि पं. माखनलाल चतुर्वेदी का जीवन दर्शन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शांति एवं एकता के लिए प्रासंगिक है। इस संगोष्ठी के अवसर पर साहित्यकार टेकराम सेन ने पं. चतुर्वेदी के रचनाओं को साहित्य जगत का अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने किया। इस अवसर पर सीएस गौर, एमपी साहू, मन्नूलाल साहू, इंदु मिश्रा, वर्षा चंद्राकर, शुभ्रा अग्रवाल, उर्मिला अग्निहोत्री सहित साहित्य प्रेमी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## कांपा में माता कर्मा जयंती पर निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

बिरकोनी परिक्षेत्र के ग्राम कांपा में साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की 1010वीं जयंती मनाई गई। प्रातः 11 बजे ग्राम स्थित कर्मा सदन प्रांगण में महिलाओं व बालिका एकत्रित होकर पूजा अर्चना की। सैकड़ों महिलाओं ने बड़े तालाब में जल अर्पित कर ग्राम भ्रमण कलश शोभायात्रा निकाली।



शोभायात्रा ग्राम के मुख्यमार्ग दुर्गा चौक, बाजार चौक से होते साहूपारा, भाटापारा के बाद वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस दौरान युवाओं ने झंडा लहराया। कार्यक्रम स्थल में मां कर्मा की मनमोहक झांकी सजाई गई, जो आकर्षण का केंन्द्र रही। समाजजनों ने भगवान सत्यनारायण की कथा व हवन पूजा यज्ञ, मां कर्मा आरती पूजा कराया। कार्यक्रम स्थल में सोरिद फिंगेश्वर के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी पंडवानी की मनमोहक प्रस्तुति दी। मां कर्मा देवी की महाआरती के बाद खिचड़ी का भोग लगाया और भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया। मंच का कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष तुलसीराम साहू, उपाध्यक्ष संतुराम साहू, सचिव टिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू एवम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मां कर्मा देवी के बताए हुए मार्ग को स्मरण करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पुनीत साहू, शोभाराम साहू, बलदाऊ साहू, नरेंद्र साहू, टोहलराम साहू, युगल साहू, गोपी साहू, हेमंत साहू, खोमान साहू, डेरहूराम साहू, दिलीप साहू, भोलाराम साहू, सेवाराम साहू, सुखचंद साहू, प्रताप साहू, चेतन साहू, नारायण साहू, समारू साहू, रामा साहू, मोहन साहू, शंकर साहू, शत्रुहन साहू, थानसिंग साहू, चंद्रशेखर साहू, भीखम साहू, गणेश साहू, जलेश साहू सहित आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



### जलकी के मानस गान सम्मेलन में शामिल हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत

**महासमुंद।** ग्राम जलकी में आयोजित मानस गान सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने नपाध्यक्ष का श्रीराम का चित्र व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। जलकी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव का वातावरण शुद्ध होता है। भगवान श्रीराम का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता है। यह उनके ननिहाल है। साथ ही वनवास काल का अधिकांश समय प्रभु श्रीराम ने दंडकारण्य में बिताया है। छत्तीसगढ़ में प्रभु श्रीराम के आगमन का अनेक प्रमाण है। हम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीराम की स्मृतियों से साक्षात्कार हो रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मानस मंडलियों ने श्रीराम चरित मानस की संगीतमय प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, आयोजन समिति के पदाधिकारी व मानस टोली के सदस्य गण उपस्थित थे।

### खुरपका-मुंहपका बीमारी की रोकथाम के लिए जिले में सघन टीकाकरण अभियान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका बीमारी की रोकथाम के लिए जिले में 30 अप्रैल 2026 तक सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में गाय, भैंस सहित सभी खुर वाले पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। भारत शासन द्वारा वर्ष 2019 से नेशनल एनिमल डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत इस अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में खुरपका-मुंहपका बीमारी जैसी संक्रामक बीमारी पर नियंत्रण पाना और उसे पूरी तरह समाप्त करना है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रामायण प्रतियोगिता में शामिल हुए राकेश

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह में छत्तीसगढ़ राज्य रामायण प्रतियोगिता में समापन समारोह में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने हिस्सा लिया। अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान राम की तरह सच्चे, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ गांव का प्रत्येक व्यक्ति बने। उन्होंनें ग्रामवासियों के सम्मान की कामना करते हुए गांववासियों की सुख समृद्धि और उन्नति मांगी।



### खरोरा में तीन दिवसीय सतग्रंथ समारोह आज से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज के तत्वावधान में अखंड तीन दिवसीय सतग्रंथ सम्मेलन का आयोजन 7 अप्रैल से 10 अप्रैल तक किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को सतनामी समाज के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। अंजोर दास, चोवाराम पटेला, बलदाऊ पुरैना, भूपेश पटेला, रवि सूर्यवंश, ब्रिजेश कोसरे आदि तैयारी में लगे हैं।



### रामायण सम्मेलन में प्रथम रही दुर्गेश मानस मंडली बागबाहरा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 50 मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें प्रथम पुरस्कार दुर्गेश मानस मंडली बागबाहरा, द्वितीय मानस मंडली खपरी बलौदा बाजार, तृतीय शोर संदेश नंद कुमार साहू खैरझिटी, चतुर्थ जय मां शाकंभरी सेदर गरियाबंद, पंचम पुरस्कार मानस मंडली बिरकोनी को दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष किशन, उपाध्यक्ष मुकेश, सचिव परमानंद, सह सचिव संतोषी, कोषाध्यक्ष लता कलिंद्री, कुमारी बाई, मोतीलाल, गजाधर, सभी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री अजा एवं जजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के लिए 23 तक प्रस्ताव आमंत्रित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर चयन के अवसर प्रदान करते हुए उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाना तथा उनके बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास करना है।

**आयोजन : सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खल्लारी मेला महोत्सव का समापन, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग**

# महोत्सव में क्षेत्रीय कलाकारों ने दिखाई अपनी कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

- दर्शकों की भारी भीड़ में चार दिन तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश और क्षेत्रीय कलाकारों ने दिखाई अपनी कला
- व्यवस्था और सुरक्षा पुख्ता, पुलिस और ग्राम पंचायत की सतर्कता के बीच श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण रूप से किया दर्शन

ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में आयोजित चैत्र पूर्णिमा मेला देखने दूर-दूर से लोग भारी संख्या में पहुंच थे। इस वर्ष की ऐतिहातिहक भीड़ ने विगत कई वर्षों के रिकार्ड को तोड़ दिया है। वहीं इस बीच शांतिपूर्ण रूप से मेला का आयोजन हुआ। मेले के दौरान पहाड़ा वाली खल्लारी मातेश्वरी और माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी के दर्शन के लिए भी श्रद्धालु भक्तों की जबरदस्त भीड़ यहां मंदिर में भी उमड़ी।

बता दें कि जनपद पंचायत बागबाहरा द्वारा आयोजित खल्लारी मेला का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। समापन में प्रदेश एवं क्षेत्रीय कलाकारों ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। मुख्य अतिथि खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी भरतलाल साहू, अध्यक्षता खल्लारी मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डेमनराज पनुरिया, विशेष अतिथि पंचायत प्रतिनिधि पंच भुनेश्वर सिन्हा, देवेंद्र दीवान, खल्लारी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य करण निर्मलकर, वरिष्ठ ग्रामीण पूर्व शिक्षक कैलाश चंद्राकर, लोक कला मंच सोला सिंगार के लोक गायक निजाम दीवान कन्हारपुरिया आदि थे।

इस मौके पर उपसरपंच तारेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ ही नहीं देश में भी खल्लारी का अलग पहचान है। मां खल्लारी की कृपा व आशीर्वाद, गांव व हम सब लोगों के साथ ही साथ प्रदेश व देशवासियों पर भी है। महोत्सव में छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्रीय लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति ने जो समा बांध रखा है, वह हमारी सांस्कृतिक कला व कलाकारों के प्रति आत्मीयता को प्रदर्शित करता है।




**महोत्सव में लोक कलाकारों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा**

खल्लारी मेला महोत्सव में लोक कला संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 2 से 5 अप्रैल तक हुआ। चारों दिन देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी। 2 अप्रैल को मोर संगवारी लोक मंच महासमुंद, लोक गुंजन सांस्कृतिक लोक कला मंच बागबाहरा, 3 को मुस्कान साहू स्टार नाइट रायपुर, रंग छत्तीसा लोक मंच (पूनम विराट तिवारी) राजनांदगांव, 4 को भीम म्यूजिकल ग्रुप पटेवा, हमर धरोहर सांस्कृतिक लोक कला मंच रायपुर, 5 अप्रैल को अभनपुर के चिन्हा सांस्कृतिक लोक मंच, मोर मयारू किसान कौसरा तेंदूकोना ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस बार महोत्सव को चार दिनों के लिए आयोजित करने में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, स्थानीय जनपद सदस्य भूमिका सिन्हा, बागबाहरा जनपद सीईओ एमएल मरावी सहित समस्त जनपद सदस्यों व सभापतियों, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू व सभी पंचों के अलावा पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, रिंकु चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि मनीष अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार सिन्हा, भोज यादव, हेमंत यदु पंचायत सचिव राजकुमार कठौलिया, जनपद के प्रशासनिक अधिकारी व कर्माचारियों व खल्लारी ग्रामीण, क्षेत्रवासियों का सराहनीय योगदान से आयोजन सफल रहा है। उपसरपंच तारेश ने मंच के माध्यम से खल्लारी में उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा सड़क निर्माण के लिए किए ऐतिहासिक घोषणा की प्रशंसा की। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। संचालन वैष्णव समाज के जिला कोषाध्यक्ष रमनदास वैष्णव व अंत में आभार व्यक्त देवेंद्र दीवान ने किया।

### मेले में व्यवस्था व सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

चैत्र पूर्णिमा मेला के दौरान खल्लारी में दर्शनार्थी एवं श्रध्दालुओं की सुरक्षा और मेले में शांति व्यवस्था के लिए स्थानीय ग्राम पंचायत खल्लारी व जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रतिनिधियों सहित खल्लारी पुलिस के जवान अपने विभाग के आला अधिकारियों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। पुलिस विभाग ने इस बार भी खल्लारी में लगे भीड़ को शांतिपूर्ण रूप से व्यवस्थित किया।

# आमापाली में अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन, क्षेत्र में गूंजा हरिनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

क्षेत्र के ग्राम आमापाली में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर दूर-दूर से श्रद्धालु और भक्तगण शामिल हुए और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान 24 घंटे तक निरंतर हरि नाम महामंत्र "हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। " का जाप और संकीर्तन किया गया। इससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस अष्टप्रहरी नामयज्ञ का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और धार्मिक प्रवचन भी आयोजित किए गए, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रामीणों और भक्तों का मानना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा, जिनके प्रयास से यह आयोजन सफल और यादगार बना।



# पश्चिम बंगाल के बोलपुर में भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक राजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। दरअसल, विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वह अपने प्रभार क्षेत्र बोलपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार प्रसार कर रहे हैं। सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर बोलपुर में सभी ने भाजपा का झंडा फहराया और एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। भाजपा के पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर मैं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में हुई थी। भाजपा की जड़ें पूर्ववर्ती पार्टी जनसंघ से जुड़ी है, जिसकी स्थापना 1951 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। भाजपा का मुख्य उदेश्य सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और विकास है। यह यात्रा जनसंघ के दौर से लेकर आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनने तक का सफर अनगिनत कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण की गाथा है। 'अंत्योदय' का वह सपना जिसे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संजोया था और जिसके साथ हम इस राह पर निकले थे, आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमीन पर साकार हो रहा है। इस स्थापना दिवस पर आइए हम 'राष्ट्र सर्वोपरि' के अपने संकल्प को दोहराएं और अपने प्रयासों को एकजुट करते हुए, अपनी पूरी ऊर्जा 'विकसित भारत' के निर्माण में समर्पित करें। इस अवसर पर स्थानीय जिला अध्यक्ष श्याम दादा, जिला महामंत्री विकास मिश्रा, विधायक प्रत्याशी दिलीप कुमार घोष, मंडल अध्यक्ष कंचन घोष, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप घोष सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



# मारवाड़ी युवा मंच का शपथ ग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

मारवाड़ी युवा मंच उन्नति शाखा के नवीन कार्यकाल के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर उन्नति के संरक्षक रीना अग्रवाल ने अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सचिव कंचन अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संध्या अग्रवाल को मंच सेवा के प्रति सच्ची निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण उपरांत नवगठित टीम को विधिवत पदभार सौंपा गया निवृतमान अध्यक्ष शालिनी, सचिव श्वेता एवं कोषाध्यक्ष सपना एंड टीम ने साल भर शानदार कार्य किए है। निवृतमान अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने नए टीम का मार्गदर्शन एवं सहयोग देने की बात की। वर्तमान अध्यक्ष ने मारवाड़ी युवा मंच उन्नति ने शाखा को नई ऊंचाइयों में लेने जाने का विश्वास व्यक्त किया। समारोह में शाखा के वरिष्ठ सदस्य रीना अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, पार्षद एवं वरिष्ठ सदस्य विनीता अग्रवाल, निवृतमान अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, सचिव श्वेता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सपना अग्रवाल, वर्तमान उपाध्यक्ष नैना अग्रवाल, सहसचिव स्नेहा अग्रवाल, नन्ही मुस्कान शाखा संयोजक साक्षी अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम शाखा संयोजक नेहा अग्रवाल, अमृतधारा शाखा संयोजक नेहा अग्रवाल एवं रिंशु मौजूद थी।

# मिशन गांव चलो में कांग्रेस ने किया पंचायत व बूथ कमेटियों का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में पंचायत एवं बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। इसी कड़ी में कौहाकुडा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरदिया खुर्द एवं ग्राम पंचायत अरंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा महासमुंद जिला अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह दीवान के मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष घनश्याम धांधी एवं सेक्टर प्रभारी देवराज शाह ठाकुर द्वारा बैठक ली गई। बैठक में गांव के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी का विधिवत गठन किया गया।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ठाकुरदिया खुर्द और अरंड पंचायतों में गठित इन कमेटियों के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ठाकुरदिया खुर्द के पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ कांग्रेसी पंचराम कुंवर, महिला कांग्रेस की सक्रिय नेता आरती नायक, टीकाराम सिक्या, अशोक नायक, चैती बाई नायक, मोहन लाल बरिहा, भागीरथी नायक, भरत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



**श्रीराम मंदिर निर्माण समिति ने सांसद का किया सम्मान**

**पिथौरा (ग्रामीण)।** लोकसभा सत्र से लौटने के पश्चात सांसद रूपकुमारी चौधरी ने क्षेत्रीय भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उनसे मुलाकात कर क्षेत्रीय विषयों पर चर्चा की। इसी क्रम में पिथौरा विकासखंड के ग्राम ठाकुरदिया खुर्द के श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद से मुलाकात की और समिति की ओर से उन्हें प्रभु श्रीराम का छायाचित्र, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुलाकात के दौरान प्रभु श्रीरामचंद्र सनातन चेतना संस्थान समिति के संरक्षक प्यारेलाल नायक, अध्यक्ष अजय नायक, उपाध्यक्ष दिगंबर पटेल, टीकाराम सिक्या, संयुक्त सचिव शंकरलाल पटेल, हेमसागर रौतीया सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



**रूपकुमारी ने जताया शोक, परिजनों को बंधाया ढांढस**

**पिथौरा (ग्रामीण)।** सांसद रूपकुमारी चौधरी पिथौरा प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत लहरौद स्थित कर्मचारी कॉलोनी पहुंचकर उपसरपंच एवं पत्रकार रमेश सिन्हा के निवास में उनके पिता स्वर्गीय जगदीश प्रसाद सिन्हा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें इस दुःखद घड़ी में ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि स्व जगदीश प्रसाद सिन्हा पिथौरा ब्लॉक के छिबर्रा गांव में निवास करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। वे सदैव समाजसेवा और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित रहे। उनके व्यक्तित्व में सामाजिक समरसता एवं सेवा भावना स्पष्ट रूप से झलकती थी, और उनका निधन क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। इस अवसर पर पुनीत सिन्हा, पुष्पराज गजेंद्र, आकाश अग्रवाल, मनमीत छाबड़ा, आशीष शर्मा, मन्नूलाल ठाकुर, मधुसूदन महंती सहित अन्य नागरिक एवं पत्रकार साथीगण मौजूद रहे।

# जल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संचालित साधना एवं यज्ञीय कार्यक्रमों के अंतर्गत ग्राम लाफिनखुर्द में जल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस जल कलश यात्रा निकाली गई तथा सायंकाल युगऋषि के संदेश के साथ विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ के माध्यम से दीपक की भांति स्वयं प्रकाशित होकर अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने का संदेश दिया गया।

द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे युग संगीत के साथ देव आह्वान का क्रम प्रारंभ हुआ। पश्चात 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। इस अवसर पर लगभग 120 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति समर्पित की। यज्ञ तीन पालियों में हुआ। कार्यक्रम के दौरान 4 बच्चों राजू विश्वकर्मा, उमेश साहू, मानस साहू एवं गुणाक्षी का विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया।

गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से पधारी ब्रह्मवादिनी की टोली की प्रमुख पूर्णिमा साहू ने प्राचीन ऋषि परंपरा एवं यज्ञ संस्कारों का महत्व बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के दो प्रमुख आधार यज्ञ और गायत्री है। आज इसे घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने गायत्री मंत्र के नियमित जप से मानसिक शांति एवं सद्बुद्धि प्राप्त होने की बात कही। मनोरमा साहू ने बलि वैश्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक परिवार को देव परिवार बनाने के लिए इस परंपरा का पालन आवश्यक है। उन्होंने गृहस्थ जीवन में दैनिक यज्ञ की सरल विधि भी समझाई और नियमित रूप से प्रत्येक घरों में इसे करने के लिए निवेदन किए। कार्यक्रम के अंत में पूर्णिमा साहू द्वारा उपस्थित जनसमूह को सत्संकल्प पाठ कराया गया तथा ग्राम पंचायत लाफिन खुर्द के लिए उपस्थित पंचों को सत्संकल्प पाठ का फेम भेंट किया गया। महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं शांति पाठ के पश्चात सभी को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। उपरांत देव शक्तियों की शोभायात्रा (बारात) निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। यह आयोजन श्रीराम प्रभात फेरी एवं यज्ञ समिति द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम में शिवकुमार कन्नौजे, हेमलाल सेन, हेमलाल साहू, लोकनाथ साहू, यशवंत साहू, फागूराम, रामायण, संतराम, बेनी ध्रुव, एवन, धर्मेंद्र ध्रुव सहित अनेक ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।





